**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 18/11/2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 25वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अविनाश कृष्ण सिंह,<br>(प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,उ0प्र0शासन)<br>महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ। | (वीडियो कान्फ्रेसिंग) | सदस्य |
| 3. | श्री यशवन्त सिंह<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर। | | सदस्य |
| 4. | श्रीमती अंजू वर्मा<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | | सदस्य |
| 5. | श्री साहित्य कुमार कटियार<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती शालिनी सिंह<br>वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | | विशेष आमंत्री |
| 7. | डा0 अभिषेक कुमार लाल, क्रय अधिकारी, केन्द्रीय भण्डार एवं क्रय,<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | | विशेष आंमत्री |
| 8. | श्री ए0के0 सिंह, अधीक्षण अभियन्ता सिविल मेन्टीनेन्स<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | | विशेष आंमत्री |

मा0 कुलपति द्वारा वित्त समिति के समस्त उपस्थित सम्मानित सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत एवं वर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न निम्नलिखित विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया गया:

1. विश्वविद्यालय द्वारा IIRF impact Award-2025 में Benchmark University for Technical Education प्राप्त करने पर कुलपति महोदय द्वारा हर्ष के साथ अवगत कराते हुए बधाई दी गई।
2. वर्तमान शैक्षिक सत्र में सभी प्रवेश सम्पन्न हो चुके है तथा कुल 1567 छात्रों द्वारा प्रवेश प्राप्त किया गया है।
3. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2024-25 में बी0टेक0 बायोटेक एवं बी0फार्मा0 प्रारम्भ कर दिया गया है तथा शैक्षिक सत्र अपने टाइम टेबल के अनुसार संचालित है। दो मिड सेमेस्टर परीक्षाये व एक इण्ड सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है।
4. विश्वविद्यालय का षष्ठम् दीक्षान्त समारोह दिनांक 27/09/2024 को सम्पन्न हो चुका है जिसमें 899 छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की जा चुकी है।
5. विश्वविद्यालय छात्रों के सेवायोजन हेतु 18 कम्पनियों द्वारा विजिट की गई है तथा 92 छात्रों का प्लेसमेन्ट हो चुका है। विश्वविद्यालय द्वारा Cognavi India Pvt. Ltd. से एम0ओ0यू0 किया गया है जिससे छात्रों के प्लेसमेन्ट में भी सहायता मिल रही है।

6. विश्वविद्यालय के नवनिर्मित इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग भवन का अवशेष कार्य विश्वविद्यालय निधि से रू0 364.57 लाख से कराते हुए लोकार्पण हो चुका है जिसमें इलेक्ट्रानिक्स इन्जीनियरिंग विभाग स्थानान्तरित हो चुका है। विश्वविद्यालय को धनराशि रू0 427.8 लाख रूसा से प्राप्त होने पर उक्त धनराशि का समायोजन कर लिया जायेगा।

7. विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस एण्ड इन्जी0 विभाग की छात्र संख्या के आनुपातिक नई कक्षाओं की आवश्यकता के परिपेक्ष्य में 06 बड़े कक्षा कक्षों/सेमिनार हाल के निर्माण हेतु आवास विकास परिषद से प्रस्ताव माँगा गया था जो धनराशि रू0 5.98 करोड़ का है।

8. विश्वविद्यालय द्वारा बीफार्मा प्रोग्राम के संचालन के लिए अलग से भवन हेतु सरकारी कार्यदायी संस्थाओं से आंगणन माँगा गया है जिसे जनवरी 2025 तक बजट की स्थिति के अनुसार वित्त समिति के समक्ष लाया जायेगा।

9. छात्रों के लिये बैडमिन्टन हाल बनाने हेतु आवास विकास परिषद से आगणन प्राप्त किया गया है जिसे जनवरी 2025 तक बजट की स्थिति के अनुसार वित्त समिति के समक्ष लाया जायेगा।

**25.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/07/2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 24वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/07/2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 24वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं प्राप्त न होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**25.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की 18/07/2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 24वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

24.02 **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 18/07/2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न 24वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 18/07/2024 को सम्पन्न 24वीं बैठक में लिए गए की कृत कार्यवाहियों को संज्ञानित हुई तथा निम्नवत् निर्देश प्रदान किये:

समिति ने एजेण्डा बिन्दु संख्या:24.08 के कम में हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में Research Exellence Awards हेतु Eligibility Ceiteria के अन्तर्गत शिक्षकों को Awards स्वरूप Prize Amount देने हेतु अद्यतन कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश प्रदान किए

25:03: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर का वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित आय-व्ययक बजट के अन्तर्निहित माह अक्टूबर 2024 तक व्यय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।

समिति ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के निम्नवत् आय-व्ययक को संज्ञान में लिया।

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित आय-व्ययक के सापेक्ष अक्टूबर 2024 तक का व्यय विवरण

**(Rs. in Lac)**

| क्रम सं0 | आयोजनेत्तर/राजस्व मद | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्राविधान आय-व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित आय-व्ययक के सापेक्ष अक्टूबर 2024 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | | | | | |
| 1 | वेतन भत्ते | | | | |
| | (अ) शिक्षक | | | | |
| | (क) वेतन | 1800.00 | 1737.82 | 2000.00 | 1191.59 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 850.00 | 677.35 | 900.00 | 529.41 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 100.00 | 81.86 | 120.00 | 60.93 |
| | (घ) एरियर सातवां वेतनमान | 138.00 | 0.00 | 138.06 | 0.00 |
| | (ड) कैस प्रोन्नत+अन्य एरियर | 100.00 | 21.55 | 100.00 | 0.00 |
| | योग | **2988.00** | **2518.58** | **3258.06** | **1781.92** |
| | (ब) प्रशासन | | | | |
| | (क) वेतन | 180.00 | 115.88 | 180.00 | 89.45 |
| | (ख) महँगाई भत्ता | 85.00 | 49.10 | 85.00 | 41.44 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 10.00 | 3.47 | 10.00 | 3.55 |
| | (घ) एरियर | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| | (ड) चयन प्रोन्नत+अन्य एरियर | 25.00 | 2.67 | 25.00 | 0.00 |
| | योग | **300.00** | **171.12** | **300.00** | **134.45** |
| | (स) शिक्षणेत्तर कर्मचारी | | | | |
| | (क) वेतन | 750.00 | 598.87 | 750.00 | 356.98 |
| | (ख) महगाई भत्ता | 370.00 | 244.98 | 370.00 | 174.25 |
| | (ग) अन्य भत्ते | 80.00 | 54.37 | 80.00 | 33.27 |
| | (घ) आउट सोर्सिंग | 400.00 | 310.67 | 400.00 | 124.47 |
| | (ढ) एरियर | 75.00 | 15.04 | 50.00 | 3.29 |
| | (द)एन0पी0एस0 अ+ब+स) | 200.00 | 163.81 | 200.00 | 50.77 |
| | योग | **1875.00** | **1387.74** | **1850.00** | **743.02** |
| | योग (अ+ब+स) | **5163.00** | **4077.44** | **5408.06** | **2659.39** |
| (ख) | मद | वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्राविधान आय-व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अनुमोदित आय-व्ययक के सापेक्ष अक्टूबर 2024 तक व्यय |
| 2 | यात्रा व्यय | 15.00 | 5.56 | 15.00 | 2.47 |
| 3 | कार्यालय व्यय | 20.00 | 18.07 | 30.00 | 24.53 |
| 4 | टेलीफोन व्यय | 7.00 | 3.17 | 7.00 | 2.61 |
| 5 | गाड़ियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद | 25.00 | 14.48 | 25.00 | 9.34 |
| 6 | व्यावसायिक एवं विधिक सेवाओं के लिए भुगतान | 15.00 | 18.03 | 20.00 | 4.60 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | विज्ञापन | 50.00 | 33.27 | 50.00 | 20.37 |
| 8 | छात्रवृत्ति/फेलोशिप | 100.00 | 89.85 | 150.00 | 75.74 |
| 9 | भवन किराया, गृह कर, जल कर/जल प्रभार आदि | 175.00 | 127.65 | 175.00 | 128.23 |
| 10 | भवनों/सड़कों/अतिथि गृह/33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के संचालन, मरम्मत एवं मशीनों आदि का रखरखाव | 400.00 | 359.80 | 1000.00 | 809.12 |
| 11 | विभागों हेतु उपकरणों, प्रयोगशाला संचालन, लेखन सामग्री व आर0 एण्ड डी कियाकलाप, सेमिनार में प्रतिभाग, आयोजन एवं कार्यालय व विविध व्यय एवं लघु एवं सूक्ष्म मरम्मत आदि हेतु | 379.00 | 198.07 | 800.00 | 60.10 |
| 12 | विद्युत व्यय | 350.00 | 249.06 | 350.00 | 132.79 |
| 13 | औषधियों एवं चिकित्सीय उपकरणों आदि पर व्यय | 5.00 | 0.69 | 30.00 | 1.28 |
| 14 | शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति | 10.00 | 0.00 | 10.00 | 0.00 |
| 15 | सुरक्षा गार्ड व्यवस्था | 350.00 | 245.33 | 350.00 | 173.29 |
| 16 | परीक्षा संचालन | 45.00 | 48.57 | 50.00 | 18.91 |
| 17 | प्रत्यायन शुल्क | 30.00 | 7.08 | 30.00 | 0.00 |
| 18 | विवेकाधीन कोष–माननीय कुलपति महोदय | 10.00 | 0.50 | 10.00 | 0.00 |
| 19 | कार्य परिषद, शैक्षिक परिषद एवं विभिन्न समितियों के आयोजन हेतु | 15.00 | 15.67 | 20.00 | 8.80 |
| 20 | वाहन का कय | 30.00 | 25.71 | 100.00 | 0.00 |
| 21 | आटोमेशन कार्य | 50.00 | 35.00 | 50.00 | 1.78 |
| 22 | गोपनीय व्यय | 10.00 | 2.94 | 10.00 | 0.00 |
| 23 | छात्रावास के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा एवं विद्युत व्यय इत्यादि। | 300.00 | 357.60 | 400.00 | 205.27 |
| 24 | विश्वविद्यालय छात्र कियाकलाप के व्यय हेतु | 85.00 | 77.98 | 108.00 | 17.15 |
| 25 | ट्रेनिंग प्लेसमेंट के व्यय हेतु | 30.00 | 4.33 | 40.00 | 4.55 |
| 26 | इन्टरनेट शुल्क | 100.00 | 107.23 | 100.00 | 7.72 |
| 27 | पुस्तकालय व्यय | 75.00 | 23.52 | 100.00 | 12.94 |
| 28 | विश्वविद्यालय के सुदृणीकरण/अवस्थापना, प्रयोगशालाओं के रिनोवेशन/फर्नीचर एवं भवन एवं सडक निर्माण एवं विस्तार तथा नवीन प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्यो हेतु व्यय | 600.00 | 1164.44 | 900.00 | 204.78 |
| 29 | काउन्सिलिंग एवं कन्टीजेन्सी व्यय | 40.00 | 26.51 | 40.00 | 15.71 |
| 30 | दीक्षान्त समारोह व्यय | 40.00 | 28.57 | 40.00 | 7.58 |
| | योग | 3361.00 | 3288.68 | 5010.00 | 1949.66 |
| | महायोग (क+ख) | 8524.00 | 7366.12 | 10418.06 | 4609.05 |
| 1 | विश्वविद्यालय फीस । अन्य अनुमानित आय | 4890.72 | 4890.72 | 5880.32 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | शासन से वर्ष 2023–24 में वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि एवं 2024–25 हेतु प्राविधानित माँग की धनराशि | 2845.30 | 2845.30 | 3591.51 | - |
| 3 | शासन से गैर वेतन भत्ते हेतु अनुदानित धनराशि | 26.11 | 26.11 | 26.11 | - |
| 4 | शासन से एन0पी0एस0 नियोक्ता अंशदान हेतु अनुदानित धनराशि | 151.32 | 151.32 | 184.52 | - |
| 5 | शासन से शिक्षकों के सातवें वेतन के एरियर का भुगतान हेतु वर्ष 2023–24 में अनुदानित धनराशि एवं 2024–25 हेतु माँग की अवशेष धनराशि | 0.00 | 0.00 | 276.10 | - |
| 6 | वित्तीय वर्ष 2023–24 की अनुमान बचत को वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय में दर्शाया गया है। | | (+)547.33 | (+)547.33 | - |
| | बचत | | | (+)87.83 | - |

| क्रम संख्या | आयोजनागत/पूजीगत | वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए अनुमोदित बजट | वित्तीय वर्ष 2023–24 में वास्तविक व्यय | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए प्राविधान आय–व्ययक बजट | वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुमोदित आय–व्ययक के सापेक्ष अक्टूबर 2024 तक व्यय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वृहत निर्माण कार्य | | | | शासन से अवमुक्त धनराशि रू0 79.52 लाख का व्यय कर लिया गया है। |
| अ | 400सीटेड नवनिर्मित छात्रावास हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि | | | | |
| ब | नवनिर्मित कुलपति आवास एवं कैम्प कार्यालय हेतु जी0एस0टी0 की धनराशि | 200.00 | 200.00 | 200.00 | |
| स | विश्वविद्यालय में टाइप–4 के 04नग आवासों के निर्माण हेतु | | | | |
| | योग | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 79.52 |

**25:04 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 28.02.2024 को सम्पन्न 22वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति केन्द्रीय क्रय समिति की 22वीं बैठक दिनांक 28.02.2024 में लिए गये निर्णयों से संज्ञानित हुई।

**25:05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 30.05.2024 को सम्पन्न 23वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति केन्द्रीय क्रय समिति की 23वीं बैठक दिनांक 30.05.2024 में लिए गये निर्णयों से संज्ञानित हुई।

**25:06 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 15/07/2024 को सम्पन्न 15 वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने दिनांक 15/07/2024 को विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति की 15वीं बैठक में लिए गये निर्णयों को संज्ञान में लिया।

**25:07 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की केन्द्रीय क्रय समिति की दिनांक 23.08.2024 को सम्पन्न 24वीं बैठक में लिये गये निर्णय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति केन्द्रीय क्रय समिति की 24वीं बैठक दिनांक 23.08.2024 में लिए गये निर्णयों से संज्ञानित हुई।

**25:08 विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन व्यय विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन वित्तीय वर्ष 2024–25 के दिनांक 31.10.2024 तक के व्यय का अवलोकन किया तथा परियोजना में अवशेष धनराशि के व्यय हेतु सम्भावनाओं को पुनः ज्ञात करते हुए उपयोग करने के निर्देश दिये गये तथा उपयोग न की जाने वाली धनराशि को वापस करने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**25:09 विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी परिषद उ0प्र0 तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन व्यय विवरण।**

समिति ने विश्वविद्यालय में विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी परिषद उ0प्र0 तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा सेन्ट्रल पाल्युशन कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन विश्वविद्यालय को शोध कार्य के लिए स्वीकृत की गयी परियोजनाओं के चालू रहने के दृष्टिगत चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 के दिनांक 31.10.2024 तक के व्यय का अवलोकन किया तथा समय–सीमा के अन्तर्गत आवंटित धनराशि को नियमानुसार व्यय किये जाने के निर्देश प्रदान दिये।

**25:10 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में कतिपय विभागों/अनुभागों एवं छात्रावासों में स्थिति निष्प्रयोज्य आइटमों (फर्नीचर, उपकरण आदि) की नीलामी/विक्रय संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त नीलामी प्रक्रिया पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया। समिति ने यह भी निर्देश दिये कि कतिपय विभागों/अनुभागों एवं छात्रावासों में निष्प्रयोज्य आईटमों (फर्नीचर एवं उपकरण आदि) की नीलामी के उपरान्त कुलसचिव कार्यालय से समस्त आइटमों को संबंधित विभागों/प्रयोगशालाओं/कार्यालयों/छात्रावासों तथा केन्द्रीय भण्डार के खाता बही से अपिलिखित कराने की कार्यवाही करते हुए सूची चस्पा करें एवं वित्त विभाग इन आइटमों को तुलन पत्र से विरत करें।

**25:11 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर में डी0डी0यू0—क्यू0आई0पी0 परियोजना (ए0के0टी0यू0) द्वारा प्राविधानित बजट के अन्तर्गत 100 सीटेड छात्रावास के अधूरे निर्माण कार्यों को वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु विश्वविद्यालय के लिए अनुमोदित आय—व्ययक बजट से कराये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति के समक्ष विश्वविद्यालय कानपुर में 100 सीटेड छात्रावास के शेष निर्माण कार्यो को पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव के अन्तर्गत निम्नवत् कार्य आगणन भी प्रस्तुत किया गया—

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 | रू0 518.93 लाख |
| 2 | मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन,कानपुर(ई—निविदा के माध्यम से निर्माण कार्य हेतु कार्यरत) | रू0 412.88 लाख |
| 3 | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | रू0 602.00 लाख |

समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये आगणन/विस्तृत प्रस्ताव पर गहनता—पूर्वक विचार—विमर्श करते हुए निर्देश दिये गये कि विश्वविद्यालय के अनुरक्षण एवं निर्माण कार्यो के अति—शीघ्र कियान्वयन हेतु कुल 03 वर्षो हेतु DSR एवं अन्य मानक दरों पर ई—निविदा के माध्यम से न्यूनतम निविदादाता से अनुबन्ध करते हुए निर्माण कार्य कराये जाने के आलोक में, 100 सीटेड छात्रावास के शेष निर्माण कार्य को पूर्ण कराये जाने हेतु किये जा रहे निर्माण कार्यों की दरें भी उक्त निविदा में प्राप्त दरों में सम्मिलित होने तथा निर्माण ईकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम से प्राप्त आगणन रू0 518.93 लाख से मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर का (रू0 518.93—रू0 412.88) प्राप्त आगणन रू0 106.05 लाख कम को देखते हुए न्यूनतम दरें देने वाली मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर से निर्माण कार्य कराये जाने के संबंध में निर्णय लेने के अधीन मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर द्वारा पूर्व में विश्वविद्यालय के बाहर किये गये निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं अनुभव का परीक्षण करते हुए मेसर्स इंशिता कंस्ट्रक्शन, कानपुर द्वारा 100 सीटेड छात्रावास के शेष निर्माण कार्यो को विश्वविद्यालय बजट मद कमांक 28 से गुणवत्तापूर्ण किये जाने हेतु अनुरक्षण अनुभाग द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली संस्तुतियों के अनुसार मा0 कुलपति महोदय को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया।

**25:12 माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

अन्य मद से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं ।

18-11-2024

(साहित्य कुमार कटियार)
वित्त नियंत्रक
एवं
सदस्य सचिव—वित्त समिति
एच0बी0टी0यू0 कानपुर।